यूटीयू का सातवां दीक्षांत समारोह 10 को

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का सातवां दीक्षांत समारोह 10 अक्टूबर आयोजित किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बताया कि हर साल शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर दीक्षांत समारोह कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था, जिसकी तैयारियों को लेकर निरंतर समीक्षा की जा रही है। समारोह में पिछले दो वर्षों के 6,190 स्नातक और 1,948 परास्नातक छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी। साथ ही 105 गोल्ड और सिलवर मैडलिस्ट और वर्ष 2022 से अगस्त 2023 तक के 59 पीएचडी धारकों को उपाधि दी जाएगी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कुलाधिपति व राज्यपाल व्यक्तिगत रूप से 164 चयनित छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान करेंगे। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस.सोमनाथ, पदमश्री प्रो.एंचसी वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहेंगे। कुलसचिव प्रो.सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह को छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है।